रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2394] नई दिल्ली, मंगलवार, अगस्त 22, 2017/श्रावण 31, 1939
No. 2394] NEW DELHI, TUESDAY, AUGUST 22, 2017/SRAVANA 31, 1939

IndiaCode

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 22 अगस्त, 2017

का.आ. 2733(अ).—भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन की अधिसूचना सं. का.आ. 656(अ) तारीख 4 मार्च, 2016 द्वारा भारत के राजपत्र, आसाधारण में प्रारुप अधिसूचना, प्रकाशित की गई थी, जिसमें उन सभी व्यक्तियों से जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से जिसको उक्त अधिसूचना के राजपत्र की प्रतियां,जनता को उपलब्ध करा दी गई थी, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना के राजपत्र की प्रतियां जनता को तारीख 4 मार्च, 2016, को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना के उत्तर में व्यक्तियों और पणधारियों से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर केन्द्रीय सरकार द्वारा सम्यक रुप से विचार किया गया;

कावेरी वन्यजीव अभयारण्य, जिसे कर्नाटक राज्य सरकार की अधिसूचना सं. एफईई 302 एफडब्ल्यू एल 2011-(iv), तारीख 27 नवंबर, 2011 द्वारा अधिसूचित किया गया था, कर्नाटक के तीन जिलों अर्थात् रामानगर(कनकपुरा तालुक), चमरंज नगर (कोलेगैला तालुक) और मण्डयार (मलावल्ली तालुक) 1027.53 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है तथा उत्तर अक्षांश $11^0$56' 54.38" उ से $12^0$24' 35.78 उ और पूर्व देशांतर $77^0$09' 41.02 पू से $77^0$46' 39.84" पू के बीच अवस्थित है;

और, कावेरी वन्यजीव अभयारण्य कर्नाटक के दक्षिण भारतीय शुष्क पर्णपाती किस्म के वनों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे पारंपरिक रूप से बाघों और इसके शिकार के लिए सर्वोत्तम और संभावित निवास के रुप में जाना जाता है और अधिसूचना संख्या एफईई 231 एफडब्ल्यूएल 2000, तारीख 25 नवंबर, 2002 द्वारा 6724.87 वर्ग किलोमीटर के हिस्से में है और जिसे भारत सरकार, वन और पर्यावरण मंत्रालय, के हाथी परियोजना का सम्यक अनुमोदन प्राप्त है तथा अभयारण्य के पारिस्थितिक महत्व को दर्शाते हुए एशियाई हाथियों के अच्छे अनुकूल सघनता का समर्थन करता है;

और, कावेरी वन्यजीव अभयारण्य की दक्षिणी पश्चिमी दिशा में मलाइमहादेशवरा वन्यजीव अभयारण्य तथा इडयाराहल्ली-डोडासंपीजी रिजर्व वनों के गलियारे से होते हुए बिलिगिरिरंगास्वामी मन्दिर बाघ रिजर्व से जुड़ा हुआ है और अभयारण्य के उत्तर भाग में, रामदेवाराबेट्टा-चवरकल रिजर्व वन से होते हुए बन्नेरघाटा राष्ट्रीय उद्यान से जुड़ा हुआ है;

और, अभयारण्य कुछ बड़े स्तनधारियों के लिए प्राकृतिक आवास है जैसे रॉयल बंगाल बाघ (*पैंथेरा टीगरीस*), तेंदुआ (*पैंथेरा पार्डस*), धोले एवं जंगली कुत्ता (*क्यूओनं अलपीनस*), सियार (*कनीस अयरेअस*), चित्तीदार लकड़बग्घा (*हेयना हेयना*), भारतीय लोमड़ी (*वुलपुस बेदगालेन्सीस*), रीछ (*मेलूरस्स अरसीनअस*), छोटा भारतीय मुसंग (*वीवेर्रीकूला इंडिका*), एशियन मुसंग (*पराडूक्सनअरस हेरमापहेरोदीटूस*), जंगली बिल्ली (*फैलिस चाउस*), रस्टी-स्पॉटीड चित्तीदार बिल्ली (*पेरीओनाइलउरूस रूबीगीनोसूस*), ग्रे नेवला (*हेरपेसटेस इडवारडसी*) और रूड्डी नेवला (*हेरपेसटेस समीथी*) आदि., इस अभयारण्य में पाए जाने वाले मांसाहारी और कुछ अनगलित/ शाकाहारियों/शिकार प्रजातियों में गौर (*बोस गौयरूस*), सांभर हिरण (*रूसा यूनीकोलर*), चीतल एवं चित्तीदार हिरण (*एक्सिस एक्सिस*), जंगली सूअर (*सूस स्कोफी*), चौसिंगा मृग एवं चौसिंगा (*टेराकेरअस क्यूडरीकोरनीस*), काला हिरण एवं भारतीय मृग (*अनटीलोपे केरवीकापारा*), मुंजक और भारतीय मुनटजक (*मुनटीकस मुनटजक*) और पिसूरी एवं भारतीय छोटा कस्तूरी-मृग (*मोसचीओला इंडिका*) और ब्लैक-नेप्ड खरगोश (*लेपुस नीगरीकोल्लस*) आदि शामिल हैं;

और, कावेरी वन्यजीव अभयारण्य के तटवर्ती वन कर्नाटक राज्य में केवल एक ऐसा स्थान है जो भूरी विशालकाय गिलहरी(*रतुबुना मैकोरा*) की संकटापन्न प्रजातियां (प्रकृति संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय संघ) है, जो दक्षिण भारत और श्रीलंका के लिए स्थानिक है और हाल ही में कावेरी वन्यजीव अभयारण्य से हनी बेजर या रतल (*मेलेवोरा कैपेसिस*) को पहली बार कैमरा में कैद किया और रिकॉर्ड किया गया है, जो दुर्लभ, लुप्तप्राय और संकटापन्न (आरईटी) प्रजातियों के संरक्षण और सुरक्षा के संदर्भ में कावेरी वन्यजीव अभयारण्य के महत्व और अद्वितीयता को उपदर्शित करता है;

और, कावेरी नदी वन्यजीव अभयारण्य के मध्य से बहती है और यह संकटापन्न तथा स्थानिक मछिलयों के प्रजातियों के लिए निवास है जिहें दक्कन महशीर (*टोर खुर्दी*) कहा जाता है, जो एक महत्वपूर्ण ताजाजल फलैग शिप महत्वपूर्ण प्रजाति हैं और कावेरी वन्यजीव अभयारण्य की नदी पारिस्थितिक तंत्र भी कमजोर प्रजातियों के अंतिम शेष गढ़ है जैसे स्मूथ कोटेड औटर (*लूटरा पर्सिसेलाटाटा*), ओरिएंटल क्लौट औटर (*एओनेक्स सिनेरिया*) और सामान्य औटर (*लूटरा लूटरा*) हैं और इस वन्यजीव अभयारण्य के विशेष आवास में भी अन्य जलीय प्रजातियों का समर्थन करते हैं जैसे मगर या मार्श मगरमच्छ (*क्रोकोडयलूस पलूस्ट्रीस*) और सॉफ्ट शेल्ड कछुए (*एस्पीडेरेटेस गनगेटीक्स*) हैं;

और, कावेरी वन्यजीव अभयारण्य में संकटापन्न भारतीय साल (*मानिस कैस्सीकयूडाटा*), स्थानिक मद्रास वृक्ष श्रिव (*अनाथाना इलियोटि*) और निकट संकटापन्न और स्थानिक कोल्लेगल भूमि गेक्को (*गेककोइल्ला कोल्लेगलेनसीस*) का भी भरण पोषण रता है है;

और, कावेरी वन्यजीव अभयारण्य को वर्ष 2004 में बर्ड लाइफ इंटरनेशनल द्वारा महत्वपूर्ण पक्षी क्षेज्ञ (आईबीए) के रूप में पदाभिहित किया गया है, क्योंकि यह पक्षियों की 280 से अधिक प्रजातियों का भरणपोषण करता है, जिसमें गंभीर रूप से संकटापन्न सफेद चकत्ते वाले गिद्ध (*जीयेपस बेंगलेंसिस*) और भारतीय गिद्ध (जीयेपस इंडिक्स), संकटापन्न गिद्ध (*सैरकोजाईपस कालवस*) शामिल हैं कावेरी से रिपोर्ट की गई दुर्लभ और कमजोर पक्षियों की प्रजातियों में नीलगीरी की धारा (*कोलूबा इलफेइनस्टोन्नी*), ग्रेटर स्पोटेड ईगल (*क्लेगा क्लेगा*), व्हाइट नेपड टिट (*पारस नूचाल्लीस*), पाइड-क्रेस्टेड टिट (*पारस नूचाल्लीस*), और यल्लो-थ्रोएटेड बुलबुल (*पायनोटस क्सअनथोलामूस*) और अभयारण्य में यूरोपीय मधुमक्खी (*मेरोपस अपीइसटीर*), पश्चिमी घाट प्रजाति जैसे भारतीय कोरसियर (*कोरेसोरीअस कोरोउमनडेल्लीक्स*) और कुछ प्रवासी पक्षियों का भरण पोषण करता है। मालाबार पैराकीट (*पेसीट्राकुला कोलूमबोइडेस*) और विश्व स्तर पर संकटापन्न ग्रेटर स्पेटेड ईगल (*अक्यूइला चलेनजा* और *क्यूनजा*) के लिए महत्वपूर्ण सर्दी क्षेत्र है;

और, कावेरी वन्यजीव अभयारण्य, के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पर्यावरण की दृष्टि से पारिस्थितिक संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिक संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गों का प्रचालन तथा प्रसंस्करण को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है ;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 उपधारा (1)की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कर्नाटक राज्य में कावेरी वन्यजीव अभयारण्य, की सीमा से 1.0 किलोमीटर से 14.5 किलोमीटर तक विस्तृत क्षेत्र को कावेरी वन्यजीव अभयारण्य, पारिस्थितिक संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिक संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं—**

(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन का कुल भौगोलिक क्षेत्र 600.7 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है और जिसका विस्तार कावेरी वन्यजीव अभयारण्य 1.0 किलोमीटर से 14.5 किलोमीटर के बीच है तथा जिसकी सीमाओं का वर्णन **उपाबंध I** में दिया गया है ।

(2) कावेरी वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन में कावेरी वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के बाहर अवस्थित 501.25 वर्ग किलोमीटर के भौगोलिक क्षेत्र के साथ 72 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं और तीन अलग-अलग जिलों के तीन तालुकों में फैला है। पारिस्थितिक संवेदी जोन के कोल्लेगल तालुक (चामराजनगर जिले) 28 राजस्व ग्राम विद्यमान हैं, पारिस्थितिक संवेदी जोन के मालावल्ली तालुक (मंड्या जिले) में 21 राजस्व ग्राम विद्यमान हैं और पारिस्थितिक संवेदी जोन के कनकपुरा तालुक (रामानगर जिले) में 23 राजस्व ग्राम विद्यमान हैं । कावेरी वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन में कावेरी वन्यजीव अभयारण्य की बाहरी सीमा के अंतर्गत विद्यमान 35 संलग्न ग्रामों (वन ग्राम) भी सम्मिलित हैं जिनका कुल भौगोलिक क्षेत्र 38.79 वर्ग किलोमीटर है।

(3) कावेरी वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत अवस्थित 107 (जिनके अंतर्गत 35 वन ग्राम/संलग्न ग्राम भी हैं) ग्रामों की सूची **उपाबंध II** के रुप में संलग्न है ।

(4) 107 ग्राम जो कावेरी वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन का भाग है इसमें सथेगल जागीर वन (कावेरी वन्यजीव अभयारण्य के संस्पर्शी 37.66 वर्ग किमी खंड 4 अधिसूचित क्षेत्र) है और कावेरी वन्यजीव अभयारण्य के हनूर राज्य वन के संस्पर्शी एकाडहुलीगुडा का क्षेत्र 3.12 वर्ग किलोमीटर है। कावेरी वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत अवस्थित उक्त अधिसूचित क्षेत्र के ब्यौरे क्षेत्र **उपाबंध III** के रुप में संलग्न है ।

(5) रामानगर जिला में कावेरी वन्यजीव अभयारण्य के संस्पर्शी दो आरक्षित वनों को भी कावेरी वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन शामिल किया गया था । उक्त वन्यजीव अभयारण्य सीमा के बाहर अवस्थित इन दो आरक्षित वनों का कुल क्षेत्र है लेकिन पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा की 19.8862 वर्ग किलोमीटर के रुप में संगणना की जाती है; और पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत अवस्थित आरक्षित वनों की सूची **उपाबंध IV** के रुप में संलग्न है ।

(6) पारिस्थितिक संवेदी जोन सीमा के अंतर्गत विद्यमान भूमियों की विधिक प्रास्थिति मुख्यतः राजस्व भूमि, पट्टा भूमि, बाडों आरक्षित वन जो कर्नाटक वन अधिनियम, 1963 की धारा-4 के अधीन अधिसूचित वन हैं अनुमान वन क्षेत्र, सड़क और तालाब आदि समझे गए हैं।

(7) सीमा वर्णन और अक्षांश और देशांतर के साथ पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र **उपाबंध V** के रुप में संलग्न है ।

(8) कावेरी वन्यजीव अभयारण्य की सीमा और पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा के मुख्य बिंदुओ के भू-निर्देशांक **उपाबंध VI** के रुप में संलग्न है ।

2. पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना – (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए आंचलिक महायोजना तैयार करेगी ।

(2) राज्य सरकार पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना ऐसी रीति में जो इस तरह, इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की जाए तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, के अनुरुप तैयार होगी ।

(3) आंचलिक महायोजना, पारिस्थितिक और पर्यावरणीय बातों को समाकलित करने के लिए निम्नलिखित राज्य सरकार के विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण;

(ii) वन और वन्यजीव;

(iii) कृषि ;

(iv) राजस्व;

(v) शहरी विकास;

(vi) पर्यटन;

(vii) ग्रामीण विकास;

(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;

(ix) नगरपालिक;

(x) पंचायती राज;

(xi) लोक निर्माण विभाग।

(4) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन तब तक अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो और आचंलिक महायोजना सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों में और अधिक दक्षता और पारिस्थितिक अनुकूलता का संवर्धन करेगी ।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिक और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलूओं, जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है, के लिए उपबंध होंगे ।

(6) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बस्तियों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, फलोउद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों का सहायक मानचित्र के साथ अभ्यकंन करेगी। इस योजना के मानचित्र द्वारा विद्यमान और प्रस्तावित भूमि के उपयोग विशेषताओं का ब्यौरे देते हुए मानचित्रों द्वारा समर्थित होगी।

(7) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिक संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगी और पैरा 4 की सारणी में सूचीबद्ध प्रतिषिद्ध, विनियमित और संवर्धित क्रियाकलापों का अनुपालन करेगी तथा स्थानीय समुदायों के पारिस्थितिक अनुकूल विकास के लिए जीवकोपार्जन की सुरक्षा को भी सुनिश्चित करेगी।

(8) इस प्रकार अनुमोदित आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार मानीटरी के अपने कार्यों को करने के लिए मानीटरी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज तैयार करेगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय--** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:--

(1) **भू-उपयोगः** पारिस्थितिक संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजनों के लिए उद्दिष्ट किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक और औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा।

परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन मानीटरी समिति की सिफारिश पर और राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, जो स्थानीय निवासियों की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए तथा निम्नलिखित क्रियाकलापों के लिए अनुज्ञात हो सकेगा, जैसे:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुविधाओं सहायक पारिस्थितिक पर्यटन में सम्मिलित ग्रह वास; और

(v) संवर्धित क्रियाकलाप जो पैरा 4 में दिए गए हैं:

परंतु यह और कि राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना तथा संविधान के अनुच्छेद 244 या तत्समय प्रवृत्त विधि जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2)

भी है, के उपबंधों के अनुपालन के बिना, वाणिज्यिक और औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में प्रकट होने वाली कोई त्रुटि, मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार ठीक की जाएगी और उक्त त्रुटि का सुधार की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को देनी होगी ।

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि का सुधार इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं करेगा ।

परंतु यह और भी कि हरित क्षेत्र में जैसे वन क्षेत्र, कृषि क्षेत्र आदि में कोई पारिणामिक कटौती नहीं होगी और तथा वास जीर्णोद्धार क्रियाकलाप वाले अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोत** -- आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों, नदियों और आवाह क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और नवीकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी।

(3) **पर्यटन/पारिस्थितिक पर्यटन –** (क) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिक पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना के अनुसार होंगे ।

(ख) पारिस्थितिक पर्यटन महायोजना राज्य पर्यटन विभाग, द्वारा राज्य के पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से तैयार होगी ।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना के एक संघटक का भाग रूप होगा ।

(घ) पारिस्थितिक पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात्:-

(i) कावेरी वन्यजीव अभयराण्य की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक, जो भी निकट हो, किसी होटल या रिसोर्ट का नया संन्निर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा परन्तु अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक नए होटलों और रिसोर्टों की स्थापना पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिक पारिस्थिति पर्यटन सुविधाओं के लिए पूर्व सीमांकित और पदाभिहित क्षेत्रों में ही अनुज्ञात की जाएगी;

(ii) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों के तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, द्वारा जारी पारिस्थितिक पर्यटन (समय-समय पर यथा संशोधित) मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार, पारिस्थितिक पर्यटन, पारिस्थितिक शिक्षा और पारिस्थितिक विकास को महत्व देते हुए पारिस्थितिक संवेदी जोन की वहन क्षमता के अध्ययन पर आधारित होगा;

(iii) जब तक आंचलिक महायोजना का अनुमोदन नहीं कर दिया जाता है तब तक पर्यटन संबंधी विकास तथा विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार मानीटरी समिति के वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा सिफारिश के आधार पर सम्बंधित विनियामक प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत-** पारिस्थितिक संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और विरासत संरक्षण योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में परिरक्षण और संरक्षण के लिए तैयार की जाएगी ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल** - पारिस्थितिक संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण की योजनाएं आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में तैयार की जाएगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण** – पारिस्थितिक संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण निवारण और नियंत्रण पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अधीन ध्वनि (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 के अनुसार किया जाएगा ।

(7) **वायु प्रदूषण** - पारिस्थितिक संवेदी जोन में नियंत्रण निवारण और वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम 1981 (1981 का 14) और इसके अधीन किए गए नियमों के अनुसार किया जाएगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण पर्यावरणीय (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अन्तर्गत आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषकों के निस्सारण के लिए साधारण मानकों या राज्य सरकार द्वारा नियत मानकों जो भी अधिक कठोर हों के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट --** ठोस अपशिष्टों का निपटान और प्रबंधन निम्नलिखित रूप में होगा--

(क) पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट निपटान और प्रबंधन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016, जो भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ) तारीख 8 अप्रैल, 2016 समय समय पर यथा संशोधित द्वारा प्रकाशित किए गए थे, के अनुसार किया जाएगा और अकार्बनिक सामग्री का निपटान पारिस्थितिक संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर किसी पर्यावरण रुप से स्वीकार्य रीति में होगा;

(ख) पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों को जलाना या भस्मीकरण और भूमि भराव के स्थापनों को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट**- जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन निम्नलिखित रूप में होगा—

(क) पारिस्थितिक संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.का.नि 343 (अ) तारीख 28 मार्च 2016 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 समय समय पर यथा संशोधित के अनुसार किया जाएगा ।

(ख) पारिस्थितिक संवेदी जोन में कोई सामान्य उपचार सुविधा या भस्मीकरण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन: -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध नियम 2016 समय समय पर यथा संशोधित के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन: -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट निपटान प्रबंध भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंध नियम, 2016 समय समय पर यथा संशोधित के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) **ई–अपशिष्ट:-** पारिस्थितिक संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंध भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित ई–अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 समय समय पर यथा संशोधित के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14)**यानीय परिवहन: -** यातायात का यानीय संचलन आवास के अनुकूल रीति में विनियमित होगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विनिर्दिष्ट उपबंध समाविष्ट किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने तक और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा के अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति सुसंगत अधिनियमों और तदधीन बनाए गए नियमों और विनियमों के अधीन यानीय गतिविधियों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(15)**यानीय प्रदूषण:-** लागू विधियों के अनुसार यानीय प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण किया जाएगा और स्वच्छक ईंधन उदाहरण के लिए सीएनजी, एलपीजी, आदि के उपयोग के लिए किए गए प्रयास किए जाएंगे ।

(16)**औद्योगिक ईकाइयां: -** (i) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कोई नए प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ii) फरवरी, 2016 में पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में सिर्फ गैर- प्रदूषणकारी उद्योगों का उद्योगों के वर्गीकरण की अनुमति दी जाएगी, जब तक कि इस अधिसूचना में अन्यथा विनिर्दिष्ट न हो।

(17) **पहाड़ी ढलानों को संरक्षण: -** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार होगा:

(क) आंचलिक महायोजना पहाड़ी ढलानों पर क्षेत्रों को वहां उपदर्शित करेगी जहां किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(ख) कटाव की उच्च डिग्री वाले विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या ढलानों पर किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(18) केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार, यदि वह यह आवश्यक समझे तो इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने में अन्य अतिरिक्त उपायों को विनिर्दिष्ट करेगी।

4. पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) तदधीन बनाए गए नियमों जिनमें और तटीय विनियमन जोन (सीआरजेड), 2011 और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) अधिसूचना, 2006 भी है और अन्य लागू विधियों जिनमें वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 के 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 के 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 के 53) भी है तथा उनमें किए गए संशोधनों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई तालिका में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :--

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	विवरण
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और उनको तोड़ने की इकाइयां ।	(क) सभी प्रकार के खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने के सिवाय तुरन्त प्रभाव से प्रतिषिद्ध होगी जिसमें निजी उपभोग के लिए मकानों के संन्निर्माण या मरम्मत के लिए भूमि को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइलों या ईटों का निर्माण भी सम्मिलित है; (ख) माननीय उच्चतम न्यायालय के रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गोविंदरामन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के आदेश के अनुसार खनन संक्रियाएं की जाएंगी ।
2.	प्रदूषण (जल या वायु या मृदा या ध्वनि) कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	कोई नया उद्योग और पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के विस्तार की अनुमति नहीं दी जाएगी। पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी दिशानिर्देशों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार सिर्फ गैर- प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा, जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो।
3.	नए बृहत जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन या प्रसंस्करण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में अनुपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
6.	ठोस अपशिष्ट निपटान स्थल और ठोस और जैव चिकित्सा अपशिष्ट के लिए सामान्य जलाए जाने की सुविधा की स्थापना।	पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट की कोई नई ठोस अपशिष्ट निपटान स्थल और अपशिष्ट उपचार या प्रसंस्करण सुविधा की अनुमति नहीं होगी। इसके अतिरिक्त औद्योगिक प्रक्रिया और स्वास्थ्य प्रतिष्ठान, अस्पतालों आदि से उत्पन्न किसी भी ठोस अपशिष्ट किसी भी के उपचार के लिए सामान्य या व्यक्तिगत भस्मीकरण की सुविधा का संस्थापन प्रतिषिद्ध है।

7.	फर्मों, कॉर्पोरेट, कंपनियों आदि द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	स्थानीय जरूरतों को पूरा करने के सिवाय लागू विधियों के अनुसार (यथा अन्यथा उपबंधित के सिवाय) प्रतिषिद्ध होंगे।
8.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कोई नई या विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
9.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	लागू विधियों के अनुसार (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) प्रतिषिद्ध होंगे ।
10.	जलावन लकड़ियों का वाणिज्यिक उपयोग ।	लागू विधियों के अनुसार (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) प्रतिषिद्ध होंगे ।
	ख. विनियमित क्रियाकलाप	
11.	वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टों की स्थापना ।	पारिस्थितिक पर्यटन क्रियाकलापों संबंधी लघु अस्थायी संरचनाओं के के सिवाय संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नए वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट अनुज्ञात नहीं होंगेः परंतु, जहाँ संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर से है पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक वहां एक जो भी निकट हो सभी नए पर्यटक क्रियाकलाप या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना और यथा लागू मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुरुप होगा।
12.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र या पारिस्थितिक संवेदी जोन जो भी निकट हो, की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर किसी भी प्रकार का वाणिज्यिक संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय लोगों को पैरा 3 के उप पैरा (1) में विनिर्दिष्ट क्रियाकलापों सहित उनके उपयोग के लिए उनकी भूमि में संनिर्माण करने की अनुमति स्थानीय निवासियों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भवन उपविधियों के अनुसार दी जाएगी । (i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण; (ii) अवसंरचना और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण; (iii) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी वर्गीकरण के अनुसार निबंधित गैर- प्रदूषणकारी लघु उद्योग ; (iv) कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुख सुविधाएं जो पारिस्थितिक पर्यटन जिस में गृह वास में सहायक है; और (v) इस अधिसूचना में संवर्धित क्रियाकलापों की सूची : (ख) ऐसे लघु उद्योगों जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से ही न्यूनतम पर रखे जाएंगे । (ग) एक किलोमीटर से आगे आंचलिक महायोजना की अनुसार विनियमित होंगे ।
13.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग ।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों में वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकटमय लघु और

		सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या पारिस्थितिक संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
14.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन की सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में किंही वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगी ।
15.	वन उत्पादों या गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण (एनटीएफपी) ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
16.	विद्युत और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण और केबल बिछाना और अन्य बुनियादी ढांचे।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे (भूमिगत केबल बिछाए जाने को बढ़ावा दिया जाएगा)।
17.	नागरिक सुख सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचे।	लागू विधियों नियमों और विनियमों तथा मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार न्यूनीकरण के उपायों के साथ, किए जाएंगे ।
18.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संन्निर्माण ।	लागू विधियों नियमों और विनियमों तथा मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार न्यूनीकरण के उपायों के साथ, किए जाएंगे ।
19.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलापों जैसे गर्म वायु गुब्बारें, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस आदि द्वारा पारिस्थितिक संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना, का किया जाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
20.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
21.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे ।
22.	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ दुग्धशाला, डेरी कृषि, जलकृषि और मछली पालन ।	स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे ।
23.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्रावों का निस्सारण ।	उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्रावों का निस्सारण जल निकायों में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा और उपचारित अपशिष्ट जल के पुनःचक्रण और पुनः उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे तथा उपचारित अपशिष्ट के लिए प्रयास किए जाएंगे तथा उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव के निस्सारण को लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
24.	सतह और भूजल के वाणिज्यिक निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
25.	खुले कुआ, बोर कुआ, आदि के लिए कृषि या अन्य उपयोग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे और संबद्ध प्राधिकारी द्वारा क्रियाकलापों की सख्ती से मानीटरी की जाएगी।
26.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
27.	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
28.	पारिस्थितिक-पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
29.	पोलिथीन बैगों का उपयोग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
30.	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
ग. संवर्धित क्रियाकलाप		
31.	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

IndiaCode

32.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
33.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
34.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर आदि भी हैं।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
35.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का उपयोग।	सक्रिय रूप से बायो गैस, सौर प्रकाश आदि को बढ़ावा दिया जाएगा।
36.	कृषि वानिकी।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
37.	पारिस्थितिक-अनुकूल परिवहन का उपयोग।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
38.	कौशल विकास।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
39.	निम्नीकृत भूमि या वन या आवास का जीर्णोद्धार।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
40.	पर्यावरणीय जागरुकता।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।

5. मानीटरी समिति- केंद्रीय सरकार, निगरानी समिति गठित करती है, पारिस्थितिक संवेदी जोन की निगरानी प्रभावी के लिए जिसमें निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:--

(क) क्षेत्रीय आयुक्त, मैसूर - अध्यक्ष ;

(ख) माननीय विधानसभा सदस्य, हनूर निर्वाचन क्षेत्र, चमराजानगर जिला – सदस्य;

(ग) माननीय विधान सभा सदस्य, मालावली निर्वाचन क्षेत्र, मंडया जिला - सदस्य;

(घ) माननीय विधान सभा सदस्य, कनकपुरा निर्वाचन क्षेत्र, रामानगर जिला - सदस्य;

(ड.) पर्यावरण विभाग, कर्नाटक सरकार का प्रतिनिधि -सदस्य ;

(च) शहरी विकास विभाग, कर्नाटक सरकार का प्रतिनिधि -सदस्य ;

(छ) प्राकृतिक संरक्षण (जिसके अंतर्गत विरासत संरक्षण भी है) के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठन का कर्नाटक सरकार द्वारा तीन वर्ष के लिए नामित किए जाने वाला एक प्रतिनिधि - सदस्य;

(ज) क्षेत्रीय अधिकारी, कर्नाटक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मैसूर -सदस्य;

(झ) कर्नाटक राज्य विख्यात संस्था या विश्वविद्यालय से पारिस्थितिकी में कर्नाटक सरकार द्वारा तीन वर्ष के लिए नामित किए जाने वाला एक विशेषज्ञ - सदस्य ;

(ञ) राज्य जैव-विविधता बोर्ड का सदस्य

(ट) उपायुक्त या उसका प्रतिनिधि, चमराजानगर, मंडया और रामानगर -सदस्य ;

(ठ)उप वन संरक्षक, कावेरी वन्यजीव अभयारण्य, कोल्लेगल -सदस्य सचिव।

* (अन्य बातों के साथ, सुसंगत अनुमोदन अभिप्राप्त करते हुए, कर्नाटक सरकार जिसके अंतर्गत अध्यक्ष, विधान सभा, कर्नाटक से अनुज्ञा भी है, यदि अपेक्षित हो, के अध्यधीन)

6. निर्देश - निबंधन

(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी।

(2) मानीटरी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष की अवधि के लिए होगा।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ.

IndiaCode

1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन प्रतिषिद्ध तालिका में यथा विनिर्दिष्ट गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उपायुक्त, ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा।

(6) मानीटरी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी।

(7) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक की अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य जीव वार्डन **उपाबंध VII** में उपबंधित रूप विधान के अनुसार उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निदेश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे।

7. अतिरिक्त उपायों- इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी।

8. सुप्रीम कोर्ट के आदेश, आदि.- इस अधिसूचना के उपबंध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या माननीय उच्च न्यायालय या माननीय राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन, होंगे।

[फा. सं. 25/160/2015-ईएसजेड]

ललित कपूर, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध –I

कावेरी वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा का वर्णन

उत्तर: पारिस्थितिक संवेदी जोन सीमा रेखा के कावेरी वन्यजीव अभयारण्य के चिक्कयेलाचागेरे ग्राम से उत्तर पश्चिमी भाग से आरंभ होकर और शिवानाहल्ली ग्राम के उत्तरी भाग की ओर मुड़ती है। इसके बाद यह हगादुर ग्राम के उत्तरी भाग की ओर मुड़ती है। इसके बाद रेखा होसापेटे बसावापुरा ग्राम के उत्तर-पूर्वी भाग की ओर मुड़ती है। इसके बाद सीमा रेखा मेन पावर लाइन को पार करके गोंदापुरा ग्राम के दक्षिण पूर्वी भाग की ओर मुड़ती है। इसके बाद रेखा एन एन राष्ट्रीय राजमार्ग 209 के समानान्तर गोंदापुरा ग्राम के पूर्वी भाग की ओर मुड़कर और इसके बाद रेखा हगदुरु के दक्षिण पूर्वी दिशा की ओर मुड़ती है। इसके बाद रेखा केमपायनादोदी ग्राम के पूर्वी भाग से होते हुए जाती है। इसके बाद रेखा देवीराहल्ली ग्राम के उत्तर पूर्वी भाग की ओर मुड़ती है। इसके बाद रेखा कनकपुरा तालुका में हरीहरा ग्राम (सर्वे सं. 249, 78, 77, 66, 63, 62, 85, 68, 59) से होते हुए कावेरी वन्यजीव अभयारण्य की वन सीमा से 1000 मीटर की दूरी के साथ जाती है। इसके बाद रेखा नायकानाहल्ली (सर्वे सं. 82, 81, 30, 61, 62, 66, 60, 48, 46, 43, 42, 41, 32), चिक्कामुदुदे (सर्वे सं. 48, 47, 46, 30, 29, 27, 35, 101, 80), दुंतूर (सर्वे सं. 42, 43, 45, 27, 18, 13, 14, 187, 188, 166, 167, 10, 158, 159, 184) और सथानुर-मुथाथी सड़क से होते हुए बोहल्ली (सर्वे. सं. 59, 48, 46, 149, 27) की वन सीमा से पूर्ण सर्वेक्षण संख्या और चिलान्दावदी आरक्षित वन की सीमा ग्रामों से 1000 मीटर की दूरी से होते हुए जाती है और इसके बाद रेखा सथनुर-कोदीहल्ली सड़क,

यादामारानाहल्लीकेरे से होते हुए जाती है, इसके बाद रेखा यादामारानाहल्ली पावर स्टेशन दोद्दालाहल्ली (सर्वे सं.177, 176, 303, 04, 183, 184, 186, 188, 190, 213, 223, 212, 256, 257, 258, 268, 262, 248, 247, 149, 150, 138, 142, 141, 143), अलाहल्ली केरे से होते हुए जाती है इसके बाद यह येलागाहल्ली (सर्वे सं.186, 188, 194, 123, 122, 134, 133, 132, 136,150,139), उय्यमबाल्ली (सर्वे सं.148, 141, 122, 117, 107, 89, 90, 100, 92) दोद्दालाहल्ली ग्राम के किनारे से होते हुए जाती है और इसके बाद रेखा हरोशिवानाहल्ली ग्राम उत्तर पश्चिमी भाग से होते हुए जाती है। इसके बाद रेखा एस एच 92 और बेन्दागोदु के उत्तर पश्चिमी भाग से होते हुए जाती है। इसके बाद रेखा पुरशागोनदानाहल्ली के उत्तरी भाग से होते हुए फिर यह आरक्षित वन सीमा चुंची के पूर्व से आरंभ होकर नाल्लाहल्ली, मदराहल्ली, मुल्लाहल्ली ग्राम (सर्वे सं, 87, 89, 57), और गोल्लाहल्ली (सर्वे सं 132, 76, 75, 72, 84, 102, 101, 108, 111, 113, 125), अरेकोप्पा (सर्वे सं. 120, 122, 125, 127, 116, 113, 146, 165, 168, 67, 11, 12, 21) में वन सीमा के निकटवर्ती नदी अरकावथी से होते हुए जाती है, इसके बाद रेखा शिवानेगोवदाना दोद्दी और कोट्टेकोप्पा (सर्वे सं.63,62,76,77), से होते हुए जाती है, इसके बाद रेखा मुनेश्वरा बेट्टा आरक्षित वन से जुड़ती है, इसके बाद रेखा अलानाथा के पश्चिमी भाग से होते हुए जाती है और इसके बाद बन्नीमुकोडल सड़क कुदीगलानी दोद्दी (सर्वे सं.13, 14), के कोदीहल्ली की ओर मुड़ती है, इसके बाद रेखा गुद्देविराना होसाहल्ली के दक्षिणी भाग से होते हुए और रामदेवारा बेट्टा आरक्षित वन के ग्रामों से जुड़कर और बाद में मुग्गुर आरक्षित वन सीमा से 1000 मीटर दूरी से मुग्गुर आरक्षित वन सीमा से मिलती है और इसके बाद बन्नीमकोदलु (सर्वे सं.57, 103, 133, 126, 292, 139, 142, 165, 160, 159, 145), की ओर आरक्षित वन सीमा से 1000 मीटर की दूरी पर चवराकल आरक्षित वन सीमा को आच्छादित करती है, इसके बाद रेखा दोद्दाहाला से होते हुए और चिक्कामोकोदलु (सर्वे,51, 53, 47, 46, 21, 20, 33, 64,) और हुनासानकोदीआहल्ली (सर्वे. सं. 60, 63, 64, 73, 74, 81, 85, 86, 88) और एस एच 3 के अंतिम में मिलती है और इसके बाद रेखा चवराकल आरक्षित वन की उत्तरी सीमा से होते हुए जाती है और हुनसानाहल्ली में कर्नाटक और तमिलनाडु राज्य की अंतर राज्य सीमा को छूती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन में सम्मिलित कनकापुरा तालुक के ग्रामों की सर्वेक्षण संख्या उपर दी गई है जो कावेरी वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से 1000 मीटर की दूरी के अंतर्गत है। सर्वेक्षण संख्या जो पारिस्थितिक संवेदी जोन में सम्मिलित कावेरी वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से 1000 मीटर की दूरी के अंतर्गत है लेकिन सम्मिलित नहीं है।

पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत निम्नलिखित बसवानाबेट्टा आरक्षित वन के संलग्न ग्राम हैं तालावदी, बसवेगोवदानादोद्दी, दालानाकट्टे, सोलबा, मुथालाकट्टे, बसवानाहल्ली, कोनानगुनदी, सोलीगेरे, मुथाथी, कुरीमानदे, बनान्ने और सम्बापुरा ग्राम। इसके बाद यह भी चिलानदावदी आरक्षित वन के संलग्न ग्रामों में सम्मिलित है जैसे हेग्गानुर, वीरासानदरा, चीलानदवदी, संगम, बोम्मासानदरा, हूलया और मक्कालान्धा ग्राम । मुग्गुर आरक्षित वन के संलग्न ग्रामों में मुग्गुर, कोनगावदी और मदीवला ग्राम सम्मिलित है इसके बाद यह चवराकल आरक्षित वन के अंतर्गत स्थित होन्नीगानाहल्ली ग्राम भी सम्मिलित है।

पूर्व: पूर्वी भाग में, पारिस्थितिक संवेदी जोन कावेरी वन्यजीव अभयारण्य की सीमा रेखा अंतर राज्य सीमा के साथ जहाँ हुनासानाहल्ली का अंतिम बिंदु है कर्नाटक और तमिलनाडु के अंतर राज्य सीमा से आरंभ होती है और अंतर राज्य सीमा के साथ जाती है फिर रेखा कावेरी नदी से मिलती है और बिंदु से पुनः जहाँ कावेरी नदी पलर नदी से मिलती है। इसके बाद सीमा रेखा इसके अतिरिक्त कावेरी वन्यजीव अभयारण्य और मलाई महादेश्वरा वन्यजीव अभयारण्य की सीमा रेखा के साथ जाती है।

पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत महादेश्वरा मलाई आरक्षित वन के संलग्न ग्राम निम्नलिखित है पदासलानट्टा, थेकानी (नगामलाई), गोपीनाथम, पंचालाने, बेज्जालाने, दंताल्ली, इंदीगानाट्टा ग्राम । होगेन्नाकल और अलम्बदी राजस्व संलग्न नहीं है, लेकिन अनाधिकार वन भूमि है।

दक्षिण: दक्षिणी भाग से, पारिस्थितिक संवेदी जोन कावेरी वन्यजीव अभयारण्य की सीमा रेखा जंक्शन बिंदु से आरंभ होकर जहाँ अंतर राज्य सीमा मे कावेरी नदी पलर नदी से मिलती है। इसके बाद सीमा कावेरी वन्यजीव अभयारण्य और मलाई महादेवश्वरा की सीमा के साथ जाती है। इसके बाद रेखा कावेरी वन्यजीव अभयारण्य के दक्षिणी सीमा से मिलती है और अभयारण्य की डी-रेखा के साथ मुड़कर और कुरात्ती होसुर, शेट्टाहल्ली, बदराय्यानाहल्ली, कौद्दाल्ली, दोद्दालाथुर, चनगादराहल्ली की ग्राम सीमा से मिलती है और चनगादराहल्ली की दक्षिणी सीमा से इदयाराहल्ली आरक्षित वन को छूती है और रामापुरा, अज्जीपुरा और चनगादराहल्ली के त्रि-जंक्शन बिन्दु से मिलती है। कावेरी वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन में सम्मिलित अज्जीपुरा ग्राम के सर्वेक्षण संख्या 772, 769, 273, 280, 277, 276, 274, 292, 275, 279, 278, 767, 748, 768, 750, 751, 290, 289, 788, 288, 287, 293, 770, 295, 292, 294, 771, 419, 420, 421,

